हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



# विकासपल्ली में विकास पर सवाल, ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट के ग्राम पंचायत विकासपल्ली एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच और सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये की राशि निकाल ली गई, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों में कोई भी नया बोर खनन नहीं हुआ है, जबकि सचिव ने हाल ही में बोर खनन के नाम पर 1 लाख 26 हजार रूपएं और 12 हजार 320 रुपएं निकाले हैं। इसके अलावा, ग्रामीणों का कहना है कि सुचित्रा हालदार के घर के पास मोटर पंप लगाने के नाम पर भी 29 हजार 990 रुपएं का फर्जी बिल निकालकर राशि आहरित की गई है। ग्रामीण सुकन मंडल, संतोष साना, और संजू गाइन का कहना है कि सरपंच और सचिव मिलकर पूरे पंचायत में भ्रष्टाचार कर रहे हैं। वे पिछले साल के पुराने बोरवेल को ही नया बताकर लाखों रुपएं निकाल चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बोर खनन, सड़क सुधार और भवन निर्माण जैसी कई योजनाओं के लिए फंड पास हुआ था, लेकिन गांव में न तो नया बोर खुदा है, न सड़कें सुधरी हैं और न ही कोई नया निर्माण हुआ है। स्थिति इतनी खराब है कि आज भी ग्रामीण जर्जर और कीचड़ भरी सड़कों से होकर आते-जाते हैं और पानी की कमी से जूझ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि आवंटित राशि का सही उपयोग होता तो गांव की बुनियादी समस्याएं काफी हद तक हल हो सकती थीं।

### विकास के नाम पर लाखों का किया आहरण



### ग्रामीणों में आक्रोश

इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। जनपद पंचायत और जिला प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। फिलहाल, पूरा गांव प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहा है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके। इस संबंध में जब विकासपल्ली के सचिव कानू लाल बैध से बात की गई तो उन्होंने आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि बोर खनन के लिए निकाली गई राशि का उपयोग पुराने बकाए के भुगतान के लिए किया गया था। भवन निर्माण के लिए आवंटित दो लाख रुपएं की राशि को बांदे क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य के निर्देश पर एजेंसी के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया था।

## अभियान : एनएसएस स्काउट-गाइड छात्रों की रही सहभागिता

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत बच्चों ने श्रमदान कर चमकाया मैदान को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल भानबेड़ा के बच्चों ने बुधवार को एक मिसाल पेश करते हुए अपने शाला के खेल मैदान की साफ़ सफाई की है। बच्चों ने बताया कि उन्हें गंदे मैदान में खेलने में बहुत परेशानी होती थी, असामाजिक तत्व द्वारा मैदान में गंदगी की जाती है, इसलिए उन्होंने खुद ही इसे साफ करने का फैसला किया। इस पहल से न केवल मैदान साफ हुआ, बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी गया।

पिछले कई दिनों से असामाजिक तत्वों के कारण मैदान में कूड़ा-करकट और झाड़ियाँ फैली हुई थीं, जिससे बच्चों को खेलने में दिक्कत हो रही थी।

बच्चों ने मिलकर इस समस्या को हल करने का फैसला किया और उन्होंने अपने माता-पिता से फावड़े, झाड़ू और दस्ताने जैसी चीजें मंगवाईं। बड़े बच्चों ने झाड़ियों को साफ किया, जबकि छोटे बच्चों ने कूड़ा बीनकर एक जगह जमा किया। बच्चों के इस काम को देखकर गाँव के बड़े-बुजुर्ग भी उनकी मदद के लिए आगे आए। कुछ ही घंटों की मेहनत के बाद पूरा मैदान साफ-सुथरा हो गया। सफाई के बाद सभी बच्चों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी।

स्वच्छता मुहिम में शाला के एनएसएस, स्काउट गाइड, इको क्लब के बच्चों का योगदान रहा। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य आरके द्वेदी, जेआर तेता, राजेश शर्मा, मीनेश्वर ठाकुर, बली राम उइके, रवि प्रकाश लोहसिंह, जितेन्द्र पांडे, जागेश्वर नरेटी, राम मिलन शोरी, राजेंद्र जैन, रमेश कोर्राम सहित विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।



### स्वच्छता ही सेवा अभियान के शुभारंभ में किया वृक्षारोपण

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के आदेशानुसार स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का सफलतापूर्वक शुभारंभ पीएमश्री सेजेस विद्यालय भानुप्रतापपुर में किया गया। इस अवसर पर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली तथा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता वाहनों को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया और इसके साथ ही नगर में स्वच्छता रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष ने स्वच्छता के महत्व पर संदेश दिया एवं विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम स्वच्छोत्सव रखा गया है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, उपाध्यक्ष गजानन डड़सेना, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इन्दर लाल पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, विद्यालय प्राचार्य पीआर भारद्वाज, नगर के वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी संघ अध्यक्ष, संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

# भगवान विश्वकर्मा जयंती पर हाहालद्दी माइंस में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



तहसील दुर्गुकोंदल क्षेत्र के ग्राम हाहालद्दी स्थित श्री बजरंग आयरन ओर माइंस गोयल ग्रुप में भगवान विश्वकर्मा जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव से किया गया। खदान क्षेत्र में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माइंस कर्मचारियों द्वारा पूरे विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान खदान परिसर भक्ति और आस्था के माहौल से गूंज उठा।

खदान क्षेत्र में पूजा की तैयारियां जोरों पर थीं। कर्मचारियों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को सजाकर स्थापना की। इसके बाद पंडित एमन मिश्रा के मंत्रोच्चार से विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पंडित ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा की आराधना से न केवल कार्यस्थल पर उन्नति होती है बल्कि कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में खदान कर्मचारियों, कामगारों के साथ-साथ चौथी बटालियन सीएएफ के जवानों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर प्रसाद वितरण का लाभ उठाया। माइंस प्रबंधक भोजराम बंजारे ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा हमारी खदान में पधारे हैं। सभी कर्मचारी मिलकर उन्हें पूजते हैं और कार्यस्थल पर सुख-शांति व उन्नति की कामना करते हैं। भगवान विश्वकर्मा का विसर्जन गुरुवार को पूरे हर्षोल्लास और शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। इस मौके पर खदान के अधिकारी-कर्मचारी, कामगार, सुरक्षा में तैनात जवान और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर पूरे दिन उल्लास और धार्मिक माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप



### हेपुरकसा प्राशा में बच्चों को कराया गया न्योता भोजन

**दुर्गुकोंदल।** शाप्राशा हेपुरकसा में मंगलवार को दो बालिकाओं के जन्मदिन के अवसर पर विशेष न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र के पूजन-अर्चन से हुई। इस दौरान जन्मदिन की बालिकाओं ने अपने माता-पिता, शिक्षक व बड़ों का आशीर्वाद लिया। विद्यालय के सभी बच्चों ने उन्हें तिलक लगाया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य और पालक भी शामिल हुए। आयोजन से प्रभावित होकर उपस्थित पालकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में उत्साह का संचार करते हैं और आपसी प्रेम व सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। विद्यालय के प्रधानपाठक श्री बलराम भोयर ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए निरंतर स्वस्थ और प्रगतिशील जीवन जीने की बात कही।

### कृषि फॉर्म से कृषि औजार व सामान की चोरी, मामला दर्ज




**कांकेर।** थाना चारामा अंतर्गत ग्राम भोथा के कृषि फॉर्म से अज्ञान ने मोटर पंप, पंखा व अन्य सामानों को चोरी कर लिया। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम आंवरी निवासी लोकेश्वर लाल साहू पिता स्व. रामजी साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा ग्राम भोथा में कृषि फार्म है, जहां पर घर है। वहां अज्ञात व्यक्ति 4 सितंबर कि रात को खिड़की तोड़कर अंदर घूस गया व 3 एचपी का पुराना मोटर पंप, एक उड़ावनी पंखा, पाना- पेंचिस का पूरा सेट, रिवर्स पट्टी को चोरी कर ले गया, जिसका अनुमानित किमत 20 हजार रूपएं व 6 सितंबर की रात को घर के बाहर रखा हुआ ट्रेक्टर नांगर का 6 नग नाश व 4 नग सपोट पट्टी निकालकर ले गया, जिसका किमत 20 हजार रूपएं है। दोनो दिन मेरे वहां से कुल 40 हजार रूपएं के सामान की चोरी हुई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए पंजीयन 22 तक

**कांकेर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में शारीरिक दक्षता की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के आवेदक जिन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण किया है, वे 22 सितम्बर तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं, ताकि निःशुल्क प्रशिक्षण का आयोजन जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके।

### युकां ने मोदी के जन्मदिन को राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस को रूप में मनाया



**चारामा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जहां भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर युवा कांग्रेस ने इसे राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया। युवा कांग्रेस विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता अपने गले में पुट्ठा लटकाए हुए थे, जिसमें बेरोजगार दिवस लिखा हुआ था। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। युवाओं को हर साल रोजगार देने का वादा किया गया था, लेकिन हकीकत में रोजगार नहीं मिला, सिर्फ खोखले आश्वासन और लॉलीपॉप दिए गए।



# पीएम के जन्मदिवस के पर शाला प्रांगण की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

हाई स्कूल कोकानपुर में शाला प्रबंध एवं विकास समिति की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधियों कि उपस्थिति में बैठक के एजेंडों पर व्याख्याता शेखर महलवार ने प्रकाश डाला, जिसमें लगातार अनुपस्थित बच्चों के संबंध में चर्चा किया गया।

एसएमडीसी अध्यक्ष माखन सिंह मंडावी ने अपने सभी सदस्यों को ऐसे पालकों से संपर्क करने कहा और विद्यालय की सभी प्रकार कि समस्याओं के समाधान में सहयोग करने का आश्वासन दिया। पालकों को ऐसे बैठक में सम्मिलित होने कहा। आगामी त्रैमासिक परीक्षा में सभी छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने प्रयास करने कहा। शाला प्रबंध एवं विकास समिति अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सभी ने मिलकर शाला प्रांगण की सफाई की। कार्यक्रम में व्याख्याता दोगेन्द्र सिंह कश्यप, जयश्री कावड़े, अनामिका साहू, हलाली कुदराम, करुणा देवहारी पंच पूर्णिमा साहू, सूरज मंडावी, रमेश टेकाम, टाकेश धनकर, लिलेश साहू, खेमिन कांगे, सरोज यादव आदि उपस्थित रहे ।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर मंडल अध्यक्ष ने दी चाय-कॉफी की सेवा



**पखांजूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल कापसी के अध्यक्ष अजय बाछाड़ के नेतृत्व में एक अनूठे सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कापसी के मुख्य चौराहे पर एक विशेष चाय और कॉफी स्टॉल लगाकर सभी वर्गों के लोगों को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई। यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के सेवा ही संगठन के मंत्र को साकार करने के उद्देश्य से की गई थी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और राहगीर शामिल हुए, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़ और अन्य पदाधिकारियों ने स्वयं लोगों को चाय-कॉफी परोसी और उनसे बातचीत की। इस अवसर पर अजय बाछाड़ ने कहा प्रधानमंत्री का जीवन देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिन को उत्सव के बजाय सेवा दिवस के रूप में मनाना हमारे लिए गर्व की बात है। हमारा उद्देश्य इस छोटे से प्रयास से समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना है। एक स्थानीय निवासी मनोज साहू ने इस पहल पर खुशी जाहिर करते हुए कहा यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि राजनीतिक दल इस तरह के सकारात्मक कार्य कर रहे हैं। यह एक सराहनीय कदम है, जो लोगों के बीच भाईचारा बढ़ाता है। दिन भर चले इस सेवा स्टॉल का मुख्य उद्देश्य जनसेवा के साथ-साथ लोगों के बीच एक सकारात्मक संवाद स्थापित करना भी था। मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़, महामंत्री, अमित दास, विमल साहा उपस्थित रहे।

# हिन्दी भाषा अनेकता में एकता को स्थापित करने का सूत्रधार : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



हिन्दी भाषा हमारी उत्कृष्ठ सभ्यता और एकता का प्रतीक है। प्रेम से पिरो कर राष्ट्रीय एकता को स्थापित करता हैं। हिन्दी भाषा से ही हमारे प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति परिलक्षित होती है। हिन्दी भाषा सरल, प्रभावशाली और औपचारिक भाषा है। हिन्दी दिवस के अवसर पर पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित गया किया जिसमे छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सुबह सभा की शुरूआत हिन्दी प्रार्थना, हिन्दी प्रश्नोत्तरी, मुहावरों के द्वारा अभिनय प्रस्तुत किया गया, पहेली पूछे एवं हिन्दी कविता पाठ किये। हिन्दी दिवस के इस अवसर पर हिन्दी विषय पर बोर्ड डेकोरेशन छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं से हिन्दी लेख शिवांगी मरकाम, लक्ष्य नेताम हिन्दी समाचार, षष्ठी नेताम द्वारा कविता प्रस्तुत की व सभी छात्र-छात्रों को हिन्दी हैं हम, वतन है हिंदुस्तान हमारा नारे बोले। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि अपनी मातृभाषा हिन्दी का सम्मान करेंगे। कक्षा 9 वी के छात्रों श्लोक मिश्रा, मिहिर ठाकुर, राशीद अली, मुहफिज अली, लिची जैन, बुसरा बानों, शेख दबीर, अवनिश सिंह द्वारा मुहावरों के द्वारा अभिनय प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मार्गदर्शक शिक्षक रूबी खान एवं कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा प्राची नेताम ने किया। इस हिन्दी दिवस के विशेष कार्यक्रम आयोजित कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंदा, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, मेघा सेवा, एस मर्सी, तीरथ साहू, भारती सेठिया, संगीता भारती, अवतार सिंह, अवतार सिंह, शांतिलीना नेताम, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, अपूर्वा ठाकुर, उज्जवल निर्मलकर, रामेश्वरी साहू, सुकदेव सरकार, पार्वती गजबल्ला, पेंकटेश पटेल, रिंकी सेठी, अभिनव सिंह, संतोष कुमार ठाकुर, आसीस उथानसिंह, प्रीति सोरी, तारा चंदेल, शलेम कुमार राम, एंजल इलियास, निशा जयसवाल, नंदनी साहू, पूजा खरे, अंजू बारले, पार्थ ज्योति कलिता, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा मंडल कापसी ने स्वच्छता अभियान चलाया

**पखांजुर।** स्वच्छ भारत अभियान के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना और समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में मंडल के बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों, गलियों और पार्कों की साफ-सफाई किया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने और कचरे का उचित निपटान करने का आग्रह किया। यह अभियान न केवल प्रधानमंत्री के जन्मदिन का सम्मान करने का एक तरीका था, बल्कि यह समाज के प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस तरह के अभियानों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अजय बाछाड़, दीपंकर दत्ता, तुषार सरदार,



महामंत्री बिमल साहा, अमित दास स्वरूप चक्रवाती, अरूप सरकार, आकाश सरकार, अमर ब्रह्मचारी, सुजीत साहा, रंजित दास, विकाश सरकार, ऊषा शील, फूलवती मंडावी, स्मृति रॉय, अंजना सरकार रहें।

# हानपतरी में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की हुई शुरूआत

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हानपतरी में सेवा पखवाड़ा का शुरूआत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के साथ किया गया। पंचायत क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थल, शैक्षणिक संस्थान एवं प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रमुख मायाराम कोमरा, लेपस अध्यक्ष जोहन गवाड़े, ग्राम गायता बंसीलाल नरेटी तथा हाई स्कूल हानपतरी के प्राचार्य शिवलाल कोमरे के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, विद्यार्थियों, शिक्षक-



शिक्षिकाओं तथा जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सामूहिक सफाई अभियान चलाया। लेम्पस अध्यक्ष ने कहा कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना के साथ स्वच्छता भी एक महत्वपूर्ण सेवा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ यह सेवा पखवाड़ा अभियान समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सेवा और समर्पण की भावना को सशक्त करता है। हाई स्कूल प्राचार्य शिवलाल कोमरे ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। विद्यालयों और ग्राम स्तर पर साफ-सफाई से बच्चों और समाज में स्वच्छता की आदत विकसित होगी इस अवसर पर वार्ड पंच रितेश मांडवी, बजोनबाई नरेटी, सुनीता गवाड़े, सोहद्रा गवाड़े, ग्रामवासी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

पेज 13 के शेष...

### सरोना स्वास्थ्य केंद्र...

बार-बार दूर न जाना पड़े। पूर्व जनपद सदस्य ने कहा कि सरोना ऐतिहासिक और भौगोलिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ लंबे समय से स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रशासनिक सुविधाओं की उपेक्षा की गई है। क्षेत्रीय जनता को उम्मीद है कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करेगी और सरोना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं ब्लॉक मुख्यालय का दर्जा देकर वास्तविक सुविधा उपलब्ध कराएगी।

### गांव के किसान...

की श्रेष्ठता हासिल करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान विभाग की ओर से सुपोषण प्रदर्शनी आयोजित की गई थी, जिसमें महिलाओं के द्वारा रेडी-टू-ईट से तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। सम्मान समारोह में हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा अध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में पोषण माह का आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में बुधवार 17 सितंबर को पोषण माह का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र पर बच्चों की लंबाई और वजन नापा गया और गर्भवती महिलाओं को भी आवश्यक खानपान, आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी गई। महिलाओं को बताया गया कि जन्म के बाद 6 माह तक बच्चों को मां का दूध पिलाएं और उसके बाद ऊपरी आहार देना शुरू करें। आँगनबाड़ी कार्यकर्ता बिंदा सलाम ने कहा कि बरसात के दिनों में बच्चों को दूषित पानी न पिलाएं, गीले कपड़े न पहनाएं और हमेशा गर्म खाना दें और साथ ही हाथों को साबुन से नियमित धोने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मीना उयके, हेमलता जैन, मनीषा सलाम, सुमित्रा कोठारे उपस्थित रहे।

### चार हजार की शराब जब्त कोचिया पर कार्रवाई की



**कांकेर।** गोण्डाहुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिए के कब्जे से कच्ची शराब को जप्त किया। जानकारी के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली कि स्कूलपारा गोण्डाहुर में एक युवक अपने पास महुआ शराब को रखा हुआ है और बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 16 सितंबर को शाम 6 बजें आरोपी स्कूलपारा गोण्डाहुर निवासी 30 वर्षीय मानिक लाल के कब्जे से 41 लीटर महुआ शराब, जिसकी कुल कीमत चार हजार एक सौ रूपएं को जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया।

### युवक की जहर खाने से मौत, जांच जारी

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत नागरबेड़ा निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार सलाम ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका 1 सितंबर को सुबह साढ़े 10 बजें मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर खा था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी आमाबेड़ा थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवाओं को रोजगार के लिए ऋण लेने का है मौका

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापना के लिए ऋण सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। अनुसूचित जाति वर्ग के 48 युवक-युवतियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 53 युवक-युवतियों को आदिवासी स्व-रोजगार योजना के तहत ऋण सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं को ऋण लेने का मौका दिया गया है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कांकेर तहसील के ग्राम सुरेली निवासी 11 वर्षीय कुमारी मोन्टी उसेंडी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता मनोज उसेंडी और सविता उसेंडी के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किए हैं।

---

**पहल**

**कांकेर पुलिस की नई पहल, नक्सली मुक्ति मुहिम के लिए कारगर उपाय**

# वांटेड नक्सलियों की इनाम राशि सहित फोटो संवेदनशील इलाकों में लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर पुलिस ने नक्सलियों को पकड़ने के लिए वाटेंड नक्सली के नाम पर जिले के अंदरूनी ईलाकों पर बैनर लगाए है। वाटेँड नक्सलियों के बकायदा फोटो और उन पर घोषित इनामी का भी उल्लेख किया गया है। इस नई पहल से नक्सलियों के मंसूबो पर पानी फिरना तय है। कांकेर पुलिस आमने सामने की लड़ाई के साथ ही नक्सलियों से मानसिक रूप से भी लड़ाई लड़ने का यह नया तरीका अपनाया है। गांव में सादी वेशभूषा में यह बड़े नक्सली आते है, परंतु गांव वालों का नहीं मालूम होता है। पुलिस को जानकारी देने वाले को बकायदा घोषित इनामी दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिला में सबसे पहले एक साथ सबसे ज्यादा नक्सली मार गिराने में एक साल पहले सफलता मिली थी, उसके बाद से पूरे बस्तर संभाग में यह आंकड़ा बढ़ने लगा। पुलिस ने जो हौसला और प्रेरणा दिया, उसका प्रभाव बस्तर संभाग के अन्य जिलों में भी देखने को मिला। बस्तर संभाग में कांकेर जिले की पुलिस ने नक्सलियों से लड़ने के लिए नई रणनीति प्रारंभ किया है, उसके तहत वाटेंड नक्सलियों की लिस्ट तैयार किया और उनके बैनर बनाकर गांव-गांव के अंदरूनी ईलाके जिन गांव में नक्सलियों का आना जाना रहता है, उन गांवो में यह बैनर लगाए गए है। इससे नक्सली मानसिक रूप से किसी न किसी तरह से कमजोर होंगे।

वाटेंड नक्सली के नाम पर लगने वाले बैनर को पढ़ने के लिए गांव के लोग एक छड़ रूककर जरूर पढ़ रहे है और यह जानने का प्रयास कर रहे है कि किस नक्सली पर कितना इनाम घोषित है। यह नई लड़ाई की नई पहल आने वाले समय में बहुत ही कारगर साबित हो सकती है। जिले के अंदरूनी ईलाके की जनता नियद नेल्लार के तहत हो रहे विकास से भी काफी खुश नजर आ रही है। कांकेर पुलिस ने बस्तर संभाग में सबसे ज्यादा कम से कम 8 माओवादियों को भगोड़ा घोषित कर चुकी है।

**खास बातें**

- कांकेर पुलिस ने अभी तक 8 माओवादियों को कर चुकी है भगोड़ा घोषित
- कांकेर पुलिस को 1 करोड़ के इनामी भूपति की तलाश जोरों पर
- अंदरूनी गाँव में बैनर लगने पर जानकारी लेने ग्रामीण दिखे



कांकेर पुलिस अंदरूनी गांव में वाटेंड नक्सलियों के बैनर लगाते हुए



बुर्जुग ग्रामीण नक्सल वाटेंड बैनर को पढ़ते हुए

**01 करोड़, 40 और 25 लाख के इनामी व वांटेड नक्सली**

एक करोड़ का इनामी भूपति उर्फ सोनू उर्फ सोनू दादा,40 लाख के इनामी नक्सली रूपा उर्फ गणेश, अलवाल चंद्रहास उफ प्रमोद, संग्राम उर्फ मुरली, माड़वी हिड़मा उर्फ संतोष, रामदेर उर्फ मज्जीदेव और 25 लाख के इनामी नक्सली कोपा उर्फ छत्तीस, जयमति उर्फ रनीता, प्रभाकर उर्फ रवि, राजमन मंडावी है।

**10 लाख और 08 लाख वाले इनामी वांटेड नक्सली**

10 लाख का इनामी राजू सलाम और 08 लाख के इनामी नक्सली फागू मड़ियाम, हीरालाल कोमरा, मनहेर उर्फ प्रसाद तारम, रमेश हुपेंडी उर्फ मुकेश, दीना उर्फ नंदे, रैजू सलाम उर्फ बजरू, चंदर कतलाम उर्फ भीमा उर्फ नंदू, सुखला उर्फ भीमा, दिवाकर गावड़े, ललिता, आकाश सलाम, जोगी सोढ़ी, जुगनू कोवाचरी , लिंगू वेड़दा, स्वरूपा उसेण्डी, कमला सोढ़ी, बलदेव मड़काम, ज्योति उर्फ जैनी

**05 और 01 लाख के इनामी वांटेड नक्सली**

पाँच लाच के इनामी नक्सली रूपी, मीना नेताम उर्फ मनकी, मंगेश परचापी, जुगनी उर्फ मालती कवाची, वसंती आंचला, पुष्पा हेमला, रामा कुंजाम, सावन मड़कम उर्फ विश्वनाथ, रामको मंडावी, रोनी उर्फ उमा, जानकी सोढ़ी और 01 लाख के इनामी नक्सली मनीषा कोर्राम, जमली मंडावी, कुमारी मंगली, कमला पद्दा शामिल है।

**आमजन को दी जा रही जानकारी**

कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि माओवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई हर मोर्च पर हर दिन जारी है। आमने सामने की लड़ाई तो चल रही है, साथ ही मानसिक लड़ाई का अभियान छेड़ा गया है, उसी के तहत आमजनों को जानकारी देने के उद्देश्य से वाटेंड नक्सलियों क फोटो व इनाम सहित बैनर अंदरूनी गांव में चस्पा किया गया है। हमें विश्वास है कि जिले की जनता जरूर पुलिस की मदद करेगी। मदद करने वाली जनता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

---

## दुकान के सामने से बाइक की चोरी, चोर की तलाश है जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम केंवटी के दुकान पास खड़ी मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। वाहन मालिक रात को अपने मोटर सायकल को दुकान के सामने खड़ी कर दुकान के अंदर सोया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो वाहन वहां पर नही था, कोई अज्ञात ने वाहन को चोरी कर लिया था।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे मालापारा निवासी 24 वर्षीय दीपांशु मजुमदार पिता स्व. नारायण मजुमदार ने पुलिस को बताया कि मेरी मोटर सायकल क्रमांक वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 6973 को 14 सितंबर को रात लगभग 11 बजें ग्राम केंवटी दुकान के सामने खड़ा करके दुकान बंद करके दुकान के अंदर में सोया था।

मैं सुबह लगभग 4 बजे उठा और दुकान से बाहर आया, तो देखा कि रात को रखी मोटर सायकल गायब थी। मैने अपने स्तर पर आसपास मोटर सायकल की खोज किया, परंतु किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं मिली। मैं प्रतिदिन दुकान के बाहर मोटर सायकल रखकर दुकान में सोता था और अचानक इस तरह की घटना होने से मैं स्तब्ध रह गया। मैंने उसी दिन आसपास के दुकानदारों को भी मोटर सायकल के चोरी होने की जानकारी दिया।

मुख्य मार्ग में इस तरह की चोरी हो जाना इस ईलाके के लिए बड़ी बात हो गई। प्राथी ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर मेरी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 6973 जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रूपएं को चोरी कर ले गया। प्राथी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

## पत्नी की पिटाई, पति के खिलाफ थाने में मामला दर्ज विवेचना जारी

**कांकेर।** आरईएस कॉलोनी कांकेर के शासकीय आवास में रह रही महिला को उसके पति ने आरोप लगाते हुए बीती रात को मारपीट किया। मारपीट से पीड़ित होकर पत्नी शिकायत करने कांकेर थाना पहुँची। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे आईएस कॉलोनी कांकेर निवासी 35 वर्षीय लालिमा सोनवानी ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी रिति रिवाज से 2010 मे जैसाकर्रा निवासी सूर्यकांत सोनवानी के साथ हुई है, जिससे हमारे दामपत्य जीवन से वर्तमान मे हमारे दो बच्चे इंसिका सोनवानी उम्र 12 वर्ष और दर्श सोनवानी उम्र 06 वर्ष है। मेरे पति सूर्यकांत सोनवानी मेरे शासकिय आवास आरईएस कॉलोनी कांकेर में 16 सितंबर को रात 11 बजें आकर दरवाजा को लात मारकर अंदर घुसकर आएं और कहने लगे कि तुम मुझे किसी लड़की के साथ मोबाईल में बात करती हो, झूठा आरोप लगाती हो



बोलकर जान से मारने की धमकी दिया। गला को दबाते हुए दाए हाथ कि कि कलाई को मोड़ दिया, मैने जैसे तैसे छुड़ाया। मेरे पति फिर मुझे जमीन पर पटककर हाथ मुक्का व लात से मारपीट किया, जिससे मेरे दाए हाथ, गला, पीठ व घुटना में चोट आया है। मारपीट के कारण मेरे शरीर के कई हिस्सों में दर्द हो रहा है। मेरे पति सदैव किसी न किसी बात को लेकर मेरे साथ मारपीट और विवाद करते रहते है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति सूर्यकांत सोनवानी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## सरोना स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने की मांग जनता ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नरहरपुर प्रवास एवं ठाकुर जोहारनी पर्व में शामिल होने के अवसर पर सरौना क्षेत्र की जनता ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को रखा। उनकी माँग थी कि सरोना के स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया जाएं।

सरोना के पूर्व जनपद सदस्य कमल धुर्वा ने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट किया कि वर्ष 1978 से संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोना अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवर्तित नहीं किया गया है। बढ़ती आबादी, क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और स्वास्थ्य सेवाओं



की आवश्यकता को देखते हुए यह समय की मांग बन चुकी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरौना की स्थापना हुए लगभग 47 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान आसपास के गाँवों और सरोना क्षेत्र की जनसंख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र में न तो पर्याप्त चिकित्सक हैं और न ही आवश्यक सुविधाएँ, जिससे ग्रामीणों को गंभीर स्थिति में नरहरपुर अथवा कांकेर जिला अस्पताल तक पहुँचना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि इस केंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्र की हजारों जनता को बेहतर और समय पर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें। इसके साथ ही सरोना क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री से एक और अहम मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि नरहरपुर में ब्लॉक मुख्यालय खोला जा रहा है, जबकि सरोना क्षेत्र लंबे समय से इस सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से आग्रह किया कि सरोना में ही ब्लॉक मुख्यालय स्थापित किया जाए, जिससे यहाँ के लोग प्रशासनिक और शासकीय कार्यों के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

## स्वच्छता ही सेवा अभियान की पालिकाध्यक्ष ने दिलाई शपथ



**कांकेर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत नगर पालिका परिषद में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों, सफाई मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को सेवा, स्वास्थ्य और समर्पण से जोड़ते हुए कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। उन्होंने सभी को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, पार्षदगण और सफाई कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए समर्पण की भावना के साथ भाग लिया और अभियान को सफल बनाने का संकल्प भी लिया।

## आमागढ़ व दमकसा मार्ग की जर्जर हालत पर ग्रामीणों बिफरे 21 से ट्रकों को रोका जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आमागढ़ से दमकसा मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। बरहेली बस्ती के पास सड़क जगह-जगह गड्ढो में तब्दील हो चुकी है। धूल, कीचड़ और दुर्घटनाओं की आशंका से त्रस्त ग्रामीण अब आंदोलन की राह पर हैं। उन्होंने प्रशासन से माँग किया कि खनिज परिवहन करने वाले अधिभार ट्रकों को रोका जाएं या सड़क की मरम्मत किया। इस मामले में 20 सितंबर तक पहल नहीं होने पर 21 सितंबर से ट्रकों को रोकने सड़क पर उतर जाएंगे।

बरसात में गड्ढो में पानी भर जाने से सड़क दलदल में बदल गई है, जिससे वाहन फिसलने और दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। बरहेली बस्ती के ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के बाद सड़क पर धूल आ गई और भारी ट्रकों से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । ग्रामीणों का कहना है हमने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिए, लेकिन हमारी समस्या को आज तक नजर अंदाज किया गया। अधिभार ट्रक लगातार बिना रोक-टोक चल रहे हैं, जबकि परिवहन नियमों का पालन होना चाहिए। हमारी मांग है कि अधिभार ट्रकों पर तत्काल रोक लगाई जाए।

ग्राम बरहेली बस्ती के पास क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराई जाए, परिवहन नियमों का सख्ती से पालन हो। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक गांव की गली से बहुत तेज गति से चलाकर आते जाते है, जिससे सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और ग्रामीणों को सदैव डर बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा है कि हमारी माँगो पर विचार 20 सितंबर तक नहीं हुआ, तो 21 सितंबर से वे ट्रकों का संचालन रोकने मजबूर होंगे और इस दौरान कोई अप्रिय घटना घटती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**सांसद, विधायक, कलेक्टर एवं सीईओ ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान**

## गांव के किसान से लेकर देश के जवान को आगे बढ़ाने प्रधानमंत्री मोदी हैं कृत्संकल्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान तथा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत जिले की मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया और आंगनबाड़ी में दर्ज बालिकाओं को निःशुल्क गणवेश वितरित किया। अतिथियों ने कहा कि गांव के किसान से लेकर देश के जवान को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी इस उम्र में भी कृतसंकल्पित है। संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 17 सितंबर को आयोजित समारोह में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि गांव के मेहनतकश किसान से लेकर देश की सीमा पर मुस्तैदी से सेवा देने वाले जांबाज जवान के कल्याण के लिए सदैव चिंता और चिंतन करने वाले प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं, जिनका आज अवतरण दिवस है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जिले की बेटियां अपनी कर्मठता, लगन व कड़े परिश्रम से सम्मानित हो रही हैं, जो भविष्य में प्रदेश व देश की उच्च सेवाओं में निश्चित तौर पर भागीदारी सुनिश्चित करेंगीं। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति के रूप में आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को सुशोभित करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही सकारात्मक सोच का परिणाम है। उन्होंने इस मौके पर सभी बेटियों को भविष्य में अपने जीवन ▶▶| शेष पेज 12 पर





**मेधावी बालिकाओं का हुआ सम्मान**

जिले के सभी सातों विकासखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली 12 वीं के 21 और 10 वीं के 22 विद्यार्थी, जिसमें 10 वीं बोर्ड के मेधावी छात्रों में पखांजुर से इशिका बाला, नयन मंडल, माही मजूमदार, कांकेर से काजल साहू, गरिमा, उपासना देवांगन, भानुप्रतापपुर से गरिमा साहू, टिकेश्वरी यादव, खुशी बघेल, अंतागढ़ से प्रीति नेगी, प्रियंका यादव, दिव्या पुड़ो, चारामा से हंसिका निषाद, दीक्षा ठाकुर, दुर्गा सोनकर, अनन्या तिवारी, दुर्गूकोंदल से प्रियांशी, शारदा हिड़को, पिकेश्वरी, नरहरपुर से चंचल साहू, जागृति कोर्राम और होमनिका नेताम और 12 वीं बोर्ड के मेधावी छात्र चारामा से दीक्षा यद्धु, खुशी सिन्हा, माधुरी सोनकर, कोयलीबेड़ा से रिया हालदार, पायल मिस्त्री, ज्योति वैद्य, कांकेर से हेमपुष्पा कुल्हारिया, ज्योतिसना उइके, तृप्ति चेलक, भानुप्रतापपुर से निशा जैन, अनुष्का मिश्रा, खुशबू आहूजा, दुर्गूकोंदल से ममता, चांदनी, वेदिका, अंतागढ़ से इमेश्वरी, फलिमा नेताम, ग्रेसी साहू, नरहरपुर से पूजा मरकाम, जाशमीन साहू और गरिमा कोर्राम का सम्मान हुआ।

**अभियान : स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारम्भ**

# गांवों में चौबीसों घंटे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में जुटीं मितानिन दीदियां वंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का 17 सितंबर को वर्चुअल शुभारम्भ किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में जिला स्तर पर इसका आगाज किया गया।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 17 सितंबर को आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आगाज किया, जो आगामी 20 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने कहा नारी सशक्तिकरण और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई कार्ययोजना की जानकारी दी। प्रसारण के उपरांत सांसद भोजराज नाग ने कहा कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान से महिलाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार की अधिकांश योजनाएं महिलाओं के कल्याण और सर्वांगीण विकास पर केन्द्रित हैं। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि गांवों में चौबीसों घण्टे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली मितानिन दीदियां वास्तव में वंदनीय हैं, क्योंकि वे अंतिम पंक्ति पर मौजूद अंतिम व्यक्ति तक सेवा बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष रूप से मुहैया करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्मदिन पर आदि सेवा पर्व का आयोजन किया जाना गौरव की बात है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में भविष्य में दीदियों की बड़ी और महती भूमिका रहेगी।



### स्वास्थ्य विभाग की सराहना

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि राज्य शासन की विशेष पहल पर कांकेर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने 27 चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना की गई है। उन्होंने जिले में सिकलसेल्स उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और प्रसव-पूर्व विभिन्न परीक्षण पर भी बेहतर कार्य करने की बात कही।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल के अलावा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, सीएमएचओ डॉ. आर.सी. ठाकुर, नोडल अधिकारी डॉ. सुनील सोनी, डीपीएम रोहित वर्मा सहित मितानिनें और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



## भाजपा के सेवा पखवाड़े में बूथों में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोरर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर द्वारा विभिन्न बूथो में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर के प्रांगण में साफ सफाई किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रांगण के कोने-कोने में बिखरी गंदगी एवं बारिश के मौसम में उगे हुए झाड़ियो को साफ करते हुए स्वच्छता के लिए लोगों को जागरुक करते हुए संदेश दिया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया और स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारीयों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा किया गया। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों सहित वहां उपस्थित नागरिकों के साथ मिलकर मध्य प्रदेश के धार से प्रसारित प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन देखा गया। मंडल के चिल्हाटी बूथ, सेलेगोंदी बूथ, कनेचुर बूथ, परसोदा बूथ के कार्यकर्ताओं ने भी सफाई अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, जय शिवना, मंडल उपाध्यक्ष चउथ राम उईके, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री शंकर यादव, मंडल कोषाध्यक्ष रोहित साहू, ईश्वर यादु, राजेश पांडे, कुलेश्वर नेताम, कुबेर कोसमा, रन्जीत सिंह राठौर, योगेश कोमरा चंदन साहू, नोहर राम, थानु राम धंकर सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वछता अभियान चलाया गया



**दुर्गुकोंदल।** भारतीय जनता पार्टी दुर्गुकोंदल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत अटल चौक, शिव मंदिर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल में साफ सफाई कर किया गया। भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल के विभिन्न शक्ति केन्द्रो शक्ति केंद्र सिवनी, कोंडे, राउरवाही, हाटकोंदल, लोहत्तर, हानपतरी, कोड़ेकुर्से में स्वच्छता अभियान चलाया गया, और प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल के मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही यह संदेश भी दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाएं जा रहे सेवा पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण पहल है, जो समाज में सेवा और समर्पण की भावना को बढ़ावा देती है। यह कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्यों को बढ़ावा देने और लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहे हैं, जैसे कि रक्तदान शिविर- स्वास्थ्य जांच शिविर-शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ, सामुदायिक सेवा कार्यक्रम,सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। सेवा पखवाड़े के दौरान विभिन्न विषयों पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुँचाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने, जल आपूर्ति सुनिश्चित करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सेवा पखवाड़े में सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों, पर्यावरण संबंधी पहलों और हाशिए पर रह रहे लोगों तक पहुंच को दर्शाने वाली गतिविधियां होंगी। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री शकुंतला नरेटी, विजय पटेल अशोक जैन, धरम मंडावी, फूलसिंह मंडावी, दीपक पुड़ो, बीरेंद्र जैन, रघुनाथ मंडावी, संजय उइके, राजकुमार उसेंडी, संजय तारम सहित भाजपा के ज्येष्ठ, श्रेष्ठ एवं ऊर्जावान कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़े पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ



**कांकेर।** आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद भोजराज नाग और विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की। इस दौरान अतिथियों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित कांकेर जिले के विकास और गतिविधियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और मासिक पत्रिका जनमन की प्रतियां दी गईं। छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत की संकल्पना, सेवा कार्यों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्रा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में श्री मोदी के बचपन, उनकी शिक्षा, देशभक्ति, तथा प्रधानमंत्री के रूप में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की झलक को सजीव चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए सांसद ने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल एक दृश्य प्रस्तुति नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की परिकल्पना की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए हर नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने इस प्रदर्शनी को केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं और विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्पों, मजबूत फैसलों और एक राष्ट्र, एक लक्ष्य की झलक दिखाई देती है। उनके बचपन से आज तक के सफर को फोटो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में मोदी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को खूबसूरती से उकेरा गया है, जैसे उनका बचपन, देशभक्ति की भावना, उनके संघर्षों की कहानी, मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बनने की यात्रा और उनके द्वारा देश के विकास के लिए उठाए गए कदम। उपलब्धियों में डिजिटल हुई पहचान, डिजिटल से भुगतान, छत्तीसगढ़ को मिली सौगात, शिक्षा का एक नया अध्याय, एक पेड़ मां के नाम, जल शक्ति, आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब, अंतरिक्ष शक्ति, वर्षो का अंधेरा छटा घर-घर में सूरज उगा और हर गरीब के सिर पर हो अपनी छत जैसी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जिला कार्यालय पहुंचे ग्राम बाबूकोहका के पुनित कोर्राम, जोहन सिंह नरेटी, झिपाटोला से नारद नेताम, गोलकुम्हडा से भानूसिंह जुर्री, मारवाड़ी से रमूला कुरेटी, कुमारी बाई, सिंगारभाट से सुमन उसेण्डी, दसपुर से रिकेश कोसरिया, सोनपुर से छन्नूराम मण्डावी, देवरीबालाजी से पिलूराम नेताम और सुधिर नेताम ने भी छयाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया, उन्हें मासिक पत्रिका जनमन का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक सहित कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रम हुए चलाया गया स्वच्छता अभियान



**भानुप्रतापपुर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह के सत्र में मंडल के अनेक मतदान केंद्रों पर स्वच्छता अभियान संपन्न हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम दिया गया संदेश सामूहिक रूप से सुना गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी अपनाने की आवश्यकता और नई योजनाओं पर विशेष बल दिया। स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर फल वितरण किया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत का उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति को सुधारना है। आदि सेवा पर्व के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण की योजनाएँ लागू करने का संकल्प लिया। देश का पहला पीएम मित्र पार्क धार मध्यप्रदेश में स्थापित करने की घोषणा की, जिससे वस्त्र उद्योग और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। सुमन सखी चैटबॉट जैसी तकनीकी पहल का जिक्र किया, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसान बनाएगी। लोगों से अपील की कि वे स्वदेशी वस्तुओं को गर्व से अपनाएँ और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान दें। नया भारत किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटेगा, जरूरत पड़ी तो जवाब भी देगा इस संदेश से देशवासियों का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, गौतम उइके, डॉ. अखिलेश ध्रुव, रजिंदर रंधावा, सरिता जोशी, नरोत्तम चौहान, अरविंद जैन, संगीता टांडिया, शकुंतला यादव, उर्मिला जसूजा, सीता चंद्राकर, गजानंद डड़सेना, जुगल किशोर शर्मा, हेमप्रकाश शिवहरे, नरेश जैन, अनंत गोपाल कोठारी, चैतूराम आचला, सुमित्रा साहू, संकेत नशीने, राजकुमार यादव, गुमान ठाकुर, सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं अन्य प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य विभाग टीम में भुनेश्वरी नेगी, हेमलता भगत, तेलेंद्र देवांगन, रुबी सोम, सुरेश ठाकुर, दीपक कश्यप, त्रिभुवन कुदरीप, रत्ना पाल, दिनेश कुमार, बृजेश उईके ने भी सफाई अभियान सहित संपूर्ण कार्यक्रम में सक्रिय योगदान दिया।

## भाजपा मंडल धनेलीकन्हार ने चलाया स्वच्छता अभियान और निकाली रैली



**धनेलीकन्हार।** पीएम मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक चलने वाले कार्यक्रम स्वच्छता अभियान से शुभांरम्भ किया गया। स्वच्छता अभियान शक्ति केंद्र धनेलीकन्हार के गांधी स्मारक, शक्ति केंद्र कोंदागांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण, पोटगांव के बाजार स्थल, शक्ति केंद्र तालाकुर्रा, शक्ति केंद्र तेलावट के ग्राम भैराडीह में किया गया। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र धनेलीकन्हार में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का लाइव प्रसारण का श्रवन किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में जन जागरुकता लाने रैली निकाली गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेलीकन्हार से निकल कर पुरे ग्राम का भ्रमण कर किया एवं सामुदायिक स्वास्थकेंद्र के मरीजों को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डाकेश साहु , पूर्व मंडल अध्यक्ष जनपद सभापति पंचूराम नायक, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अब्दुल खलील खान, सरपंच मधु मंडावी, बीएमओ डॉ. शशांक गुप्ता, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, मंडल महामंत्री अशोक कचलाम, जनपद सदस्य नितेश सलाम, मधुसुदन साहु, कोषाध्यक्ष हेमलाल गढ़िया, मंत्री देवेंद्र साहू, कृष्णा साहू, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अंकित टावरी, व्यास साहु, संत साहू, रमेश साहू, वेद औरसा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रेडियो ग्राफर ने देह दानकी घोषणा की

**चारामा।** समाज में सही अर्थ में मानवता एवं सेवा भाव का सच्चा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मरने के बाद भी यह देह किसी जरूरतमंद के काम आ जाए भाव रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा के रेडियो ग्राफर दिलीप कुमार मेश्राम ने अपना देह दान कर दिया। मृत्यू उपरांत उनका अंग किसी जरुरत मंद के काम आ जाएगी। वे वर्षो से रानी दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा में रेडियो ग्राफर के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। अपने स्वभाव के अनुरूप उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा मे खंड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर ओपी शंखवार एवं स्वास्थ्य कर्मचारीयो के समक्ष आर्गन एवं टिसू देहदान फार्म भरकर समाज के कल्याण के लिए अपना देह दान कर इस पुन्य कार्य के लिए समाज को प्रेरणा दिया।

### पुरस्कार के लिए 22 तक है मौका

**कांकेर।** राज्योत्सव 2025 के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली राज्य स्तरीय पुरस्कार पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान एवं यतियतन लाल सम्मान तथा अखिल भारतीय पुरस्कार के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन सम्मान पुरस्कार के लिए कलेक्टर कार्यालय द्वारा 22 सितम्बर कार्यालयीन समय तक प्रविष्ठियां आमंत्रित की गई है। उक्त पुरस्कार के अंतर्गत 20 लाख रूपए चयनित व्यक्ति अथवा संस्था को प्रतिक चिन्ह के साथ प्रदान किया जाता है।

### सेन समाज की छःमाही बैठक 23 को आयोजित

**धनेलीकन्हार।** श्रीवास सेन समाज परिक्षेत्र कांकेर की छःमाही बैठक 23 सितंबर मंगलवार को कांकेर के शिवनगर में दोपहर 12 बजे से होगी। सेन समाज के मिडिया प्रभारी लोकेश्वर सेन ने बताया कि बैठक में परिक्षेत्र के सभी क्षेत्रीय पंच सहित समाज के संरक्षक व सलाहकार सहित सभी पदाधिकारीयों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। बैठक में पिछले दिनों कोकपुर में आयोजित हुई सेन जंयती कार्यक्रम की समीक्षा के साथ आगामी कार्यों की रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी। परिक्षेत्र अध्यक्ष शैलेंद्र कौशिक ने बताया की समाज की मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### इलाज के दौरान मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** धमतरी जिला के कौदाबहरा निवासी 20 वर्षीय योगेश्वर नेताम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 16 जुलाई को सुबह करीबन साढ़े 11 बजें मौत हो गया। थाना न्यू राजेंद्र नगर रायपुर से बिना नंबरी मर्ग डायरी थाना कांकेर में लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**वैज्ञानिक परिचर्चा :**

**बीजापुर।** एक्सटेंशन रिफाम्स आत्मा योजनान्तर्गत किसान मित्रों का 1 दिवसीय प्रशिक्षण सह वैज्ञानिक परिचर्चा कृषि विज्ञान केन्द्र पनारापारा मे आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई।

### युवक का हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना चारामा अंतर्गत बंगलापारा निवासी 21 वर्षीय प्रियांशु दुरगासी को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट लगने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक को इलाज के लिए मसीही अस्पताल में लेकर गया। अस्पताल में 3 सितंबर को उसका मौत हो गया। थाना धमतरी से बिना नंबरी मर्ग डायरी थाना कांकेर लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## बीईओ कार्यालय में शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक में तय की रूपरेखा



**भानुप्रतापपुर।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में शिक्षा समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत युक्तिकरण में समायोजन हुए शालाओं की संख्या, शाला युक्ति कारण शिक्षक समायोजन, शिक्षक विहिन एवं एकल शिक्षकिय शालाओं में शिक्षक व्यवस्था तथा पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण, साइकिल वितरण की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों को अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष सह शिक्षा समिति अध्यक्ष निर्मला कावडे द्वारा विकासखंड के अन्य शालाओं की विभिन्न समस्याओं में भवन, विशेष कर बालिका शौचालय के मरम्मत एवं आश्रम छात्रावासों में भौतिक एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवगत कराया एवं सभी संकुल समन्वय को अपने संकुल अंतर्गत शालाओं में शिक्षा गुणवत्ता पर जोर देने आग्रह किया गया। इसी कड़ी में खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे के द्वारा अध्यक्ष एवं सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि हमारे विकासखंड में शिक्षा गुणवत्ता को बढ़ावा देकर बच्चों के स्तर में बढ़ोतरी किया जाएगा तथा बच्चों को कक्षागत स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में जनपद सदस्य दिलेश्वरी दर्रो, तेजबत्ती शोरी, खेमिन कोरेटी, खंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरुटी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी, मंडल संयोजक टीकमजी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)